**पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 52 सी पुण्यतिथि समारोह 2020 प्रतिवेदन**

11 फरवरी 2020 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर प्रात 7:00 बजे से 8:00 बजे तक गायत्री मंत्र जाप और बाल काल संध्या द्वारा बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित किया गया मंत्र जाप में पंडित दीनदयाल स्मृति समारोह समिति के सभी पदाधिकारी के साथ धानक्या ग्राम के वरिष्ठ जनों ने भाग लिया।

तदुपरांत अपराह्न में 3.30 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति व्याख्यान माला मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल डॉक्टर कलराज मिश्र और मुख्य वक्ता राजस्थान आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक श्री दुर्गा दास जी रहे। व्याख्यान माला का विषय था दीनदयाल जी का विचारदर्शन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति श्री विनय चौरडिया ने की।

इस अवसर पर डॉ कलराज मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का विचार था कि भारत राष्ट्र सैनिक दृष्टि से इतना सुदृढ़ एवं सशक्त होना चाहिए कि कोई भी शत्रु देश हमारी ओर आ रहे आंख उठाने का दुसाहस न कर सके उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा दूसरा परमाणु परीक्षण को देश को परमाणु शक्ति बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्षेत्र प्रचारक श्री दुर्गा दास जी ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुमुखी प्रतिभा की धनी थे। उनका एकात्मक मानववाद दर्शन पूरे विश्व को एक अनुपम भेंट है उन्होंने इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया कि देश में सक्रिय नकारात्मकता और राष्ट्र विरोधी शक्तियों की नाकाम साजिशों को विफल करने के लिए हमें सतत सजग रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्ति विशंभर दयाल ने देश के राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को विस्तार पूर्वक समझाया इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे। भारतीय चिकित्सा परिषद के सदस्य डॉ एस एस अग्रवाल ने भारत चीन युद्ध और पाकिस्तान के साथ विभिन्न युद्धों के समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा किए योगदान को याद किया कार्यक्रम का संयोजक प्रो मोहनलाल छीपा ओर धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष राजेंद्र शेखावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

इस समारोह के दूसरे दिन समाचार पत्रों में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया पुण्यतिथि समारोह 2020 समाचार पत्रों और छायाचित्र संलग्न





**पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी 53 सी पुण्यतिथि समारोह 2021**

14 फरवरी 2021

पंडित दीनदयाल उपाध्याय 53 सी पुण्यतिथि समारोह 2021 के आयोजन पर भी कोरोना महामारी कालीन प्रतिबंधों का व्यापक प्रभाव रहा यह समझ तीन दिन के विलंब के बाद आत्मनिर्भर भारत सक्षम भारत विषय पर व्याख्यान के रूप में आयोजित किया गया इस समारोह में वक्ताओं के रूप में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला मुख्य अतिथि रहे जयपुर सांसद रामचरण बोहरा अध्यक्ष और अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख श्री रंजन जी विशिष्ट अतिथि सम्मानित हुए।

सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्मारक धानक्या में पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि के बाद अतिथियों के सम्मान में समारोह समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनलाल छीपा ने अपना स्वागत व्यक्तित्व दिया तत्पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विस्तार से बताया स्वतंत्र मुख्य अतिथि द्वारा राज्य के पदम श्री के लिए राजस्थान के चयनित विभूतियां पंडित दीनदयाल जी के विचार दर्शन के शोधार्थियों लेखकों को ओर कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री ओम बिरला ने कोरोना कल में आत्मनिर्भर भारत सक्षम भारत की संकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि कोरोना प्रबंधन के लिए जांच औषधि और स्वदेशी टीका उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करके भारत ने अन्य देशों को भी महामारी से निपटने में सराहनीय योगदान दिया।

व्याख्यान वाला में सम्मिलित होते हुए श्री रामचरण बोहरा ने भाजपा द्वारा संचालित कोरोना गतिविधियों में योगदान करने के लिए सब का आह्वान किया विशिष्ट अतिथि श्री रंजन जी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की ओर से कोरोना कल में चलाए जा रहे सामाजिक प्रकल्पों की जानकारी दी धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।




**पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी 54 वीं पुण्यतिथि 2022**

11 फरवरी 2022 को धानक्या स्थिति पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर साय 4:00 बजे दीनदयाल जी की 54 में पुण्यतिथि को अवसर पर आयोजित समारोह में भारत सरकार के शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख श्री रामलाल जी मुख्य वक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद श्री राज्यवर्धन सिंह अध्यक्ष मंचस्थ अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे इस अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला का विषय था स्वाधीनता का अमृत महोत्सव।

सर्वप्रथम सामान्य अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि और चित्र पर माल्यार्पण के बाद प्रो मोहनलाल छीपा द्वारा पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय स्मृति समारोह की वर्तमान और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात पूर्व भाजपा अध्यक्ष श्री अरुण चतुर्वेदी द्वारा राष्ट्रीय स्मारक धानक्या के बारे में उपस्थित अतिथि और जन सुविधाओं को अवगत कराया मुख्य वक्ता श्री रामलाल जी ने देश की राजनीतिक यात्रा में अमृत कल के महत्व को समझाते हुए देश को समृद्ध, सक्षम वह समर्थ बनाने के लिए सभी नागरिकों को और युवाओं का विशेष रूप से आह्वान किया।

मुख्य अतिथि के अपने संबोधन में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री श्री सुभाष सरकार ने अमृत काल में नई शिक्षा नीति की मेहता और विशेषताओं की चर्चा करते हुए कहा की नई शिक्षा युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करने में सहायक बनेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद श्री राज्यवर्धन सिंह ने धानक्या को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के अपने संकल्प के बारे में बताया सचिव श्री शेखावत ने आभार ज्ञापन के साथ समारोह संपन्न हुआ इसमें बड़ी संख्या में जन सहभागिता रही।

दीनदयाल पुण्यतिथि समारोह 2022 चित्रों में संकलन



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय 55वी पुण्यतिथि समारोह 2023

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल धनक्या पर दिनांक 11 फरवरी 2023 को पंडित दीनदयाल जी की 55वीं पुण्यतिथि के अवसर पूर्वाहन में हवन एवं सुंदरकांड पाठ निशुल्क चिकित्सा शिविर तथा कौशल विकास व स्वावलंबन शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और अपराह्न 4:00 बजे भारत के आधारभूत संरचनात्मक विकास में रेलवे का योगदान विषय पर व्याख्यान रखा जिसमें पूर्व मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता विषय पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी और अध्यक्ष के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति, समाज सेवी सुमेर सिंह शेखावत ने अपने विचार प्रकट किये।

कार्यक्रम के आरंभ में समारोह समिति अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनलाल छीपा ने समिति की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए धानक्या रेलवे स्टेशन के आधुनिकरण एवं नवीनीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया और समिति के कोषाध्यक्ष गजेंद्र ज्ञानपुरिया ने राष्ट्रीय स्मारक के बारे में विस्तार से बताया।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सांस्कृतिक आर्थिक निर्माण में रेलवे का योगदान अविस्मरणीय है मोदी जी ने वन स्टेशन वन प्रोजेक्ट योजना से भारत के कौशल को समूचे विश्व में फैलने का काम किया है रेलवे स्टेशनों के आधुनिकरण योजनाओं के अंतर्गत जयपुर को 771 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय सुविधाओं से लैस करना है मोदी जी ने स्वदेशी टेक्नोलॉजी को विकसित करा कर भारत को वंदे भारत ट्रेन का अनुपम उपहार दिया है वह शीघ्र ही जयपुर को भी इसका लाभ प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद घनश्याम तिवारी ने कहा कि दीनदयाल जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रचार परंपरा के कार्यकर्ता और राजनेता थे दीनदयाल जी की आर्थिक चिंतन को अपना कर भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है समारोह की अध्यक्षता कर रहे उद्योगपति व समाजसेवी समर सिंह शेखावत ने कहा कि दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद का दर्शन देकर मानववाद के नए रूप में परिभाषित किया है कार्यक्रम में राजस्थान पद्मश्री सम्मान हेतु चयनित लक्ष्मण सिंह को सम्मानित किया गया नीरज कुमावत ने सभी को आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन समिति सचिव भानु प्रताप शेखावत ने किया समझ में विशाल संख्या में जनसंघ जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण समुदाय के उत्साह पूर्वक भाग लिया कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ

दीनदयाल पुण्यतिथि समारोह 2023 चित्र संकलन





**पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी 56वी पुण्यतिथि समारोह 2024**

11 फरवरी 2024

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 56 में पुण्यतिथि का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनलाल छीपा ने समिति का परिचय देते हुए समिति की गतिविधियों के बारे में बताया। सचिव प्राताभानू सिंह शेखावत ने समिति की भावी योजनाओं से परिचय कराया व निम्न पुस्तकों/पत्रकों का विमोचन करवाया |

1. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अपील- समिति
2. पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वादश संस्कार सृष्टिया- समिति
3. पंडित दीनदयाल उपाध्याय- राजनीति की एक पाठशाला, श्रीमती मधु शर्मा
4. योग का आधारभूत अध्ययन- डॉ रमेश चंद्र सांमरिया
5. भारतीय प्रबंधन गुरु गोस्वामी तुलसीदास- प्रो.एन.एम.खंडेलवाल
6. इंडियन नॉलेज सिस्टम- भारतीय ज्ञान परंपरा- प्रो.एन.एम.खंडेलवाल
7. भारतीय प्रबंधन के गुरु आचार्य चाणक्य- प्रो.एन.एम.खंडेलवाल
8. भारतीय प्रबंधन के गुरु -महर्षि वाल्मीकि- प्रो.एन.एम.खंडेलवाल
9. मनु से सीखे प्रबंधन- प्रो.एन.एम.खंडेलवाल
10. भारतीय प्रबंधन गुरु अष्टावक्र मुनि- प्रो.एन.एम.खंडेलवाल
11. भारतीय प्रबंधन गुरु श्री कृष्ण- प्रो.एन.एम.खंडेलवाल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां भारती के लाल पंडित दीनदयाल जी के विचार प्रेरणादाई हैं।उन्होंने पूंजीवादी समय में अंत्योदय का विचार दिया।पंडित दीनदयाल जी का वह समय था जब आजादी के बाद देश दो धडों में बटा हुआ था। एक तरफ सत्ता पाने वाले लोग थे और एक संघर्ष करने वाले लोग थे उस कठिन समय में पंडित जी ने अंत्योदय की परिकल्पना की थी उसी परिकल्पना पर आज भारतीय जनता पार्टी मुख्य रूप से कार्य कर रही है। मोदी जी का यही सपना है कि पंडित दीनदयाल जी के सिद्धांतों को साकार किया जाए।

उपराष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनकड ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम में पद का महत्व नहीं है,बदलाव का बहुत बड़ा महत्व है,भारत में गत दशक में जो परिवर्तन आया है वह पंडित दीनदयाल जी की भावनाओं के अनुरूप आया है।15 अगस्त 2014 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया और आज वही कार्य एक क्रांति बन गया है। जिन लोगों ने हमको गुलाम बनाया था आज उन्हीं लोगों को पीछे छोड़कर आज

भारत पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक व्यवस्था बन गया है।अब भारत की छवि बदलती जा रही है ।एक समय में जो जो देश नीति निर्धारण करते थे वह आज हमसे राय ले रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने अपने वक्तव्य में कहा कि पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय के सिद्धांत  का उदाहरण आपके सामने है,हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल जी जो आपके सामने बैठे हैं, पूर्व के कार्यक्रमों में वह आपके पीछे बैठते थे। दीनदयाल जी की प्रेरणा के कारण ही हमारे बीच से इस तरह के  व्यक्ति को आगे आने का अवसर मिला ।

पंडित दीनदयाल जी के मुख्य सिद्धांत उनके पंचपण सिद्धांत, अनेकता में एकता, गौ रक्षा, नागरिक अनुशासन, प्लास्टिक का कम प्रयोग करना, स्वदेशी सामान का अधिक से अधिक उपयोग करना है,जिन्हें हमें अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि जहां पंडित दीनदयाल जी की जन्मस्थली वहां से मुझे लोकसभा तथा विधानसभा में चुनाव लड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।पंडित दीनदयाल जी के सिद्धांत पर भाजपा कार्य करती है तथा अंतिम व्यक्ति तक के लिए काम कर रही है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश गौतम ने कहा कि दीनदयाल जी का जीवन बहुत प्रेरणादाई है, उनका प्रतीक सिद्धांत जीवन जीने का मंत्र है। समिति के सहसचिव नीरज कुमावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में भाजपा के मंत्री एवं कार्यकर्ता तथा अधिक संख्या में समाज तथा जनसमुदाय उपस्थित रहा।



